यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 09 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दुर्दशा पर आंसू बहा रहा कुठला का आंगनबाड़ी केन्द्र

## करोड़ों खर्च करने के बाद नहीं सुधरी स्थिति, चहुंओर अव्यवस्थाओं के बीच पढ़ने आ रहे नौनिहाल



यश भारत खबर विशेष

**कटनी, यशभारत।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने करोड़ों रूपए की राशि हर वर्ष खर्च की जा रही है, जिससे प्राथमिक शिक्षा के पहले बच्चों की नींव अच्छी तरह से तैयार की जा सके लेकिन कटनी जिले में आंगनबाड़ी केन्द्र के सचांलन में किस तरह की लापरवाही और मनमानी बरती जा रही है, इसका जीता जागता उदाहरण शहर से लगे इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 कुठला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन को देखकर लगाया जा सकता है। आंगनबाड़ी भवन की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि यहां कभी भी हादसा हो सकता है। खतरे की आशंकाओं के बीच यहां नौनिहाल पढ़ने के लिए आते हैं इसके बावजूद सुधार की तरफ ध्यान नहीं दिय जा रहा।

पिछले दिनों बहोरीबंद क्षेत्र में एक स्कल की छत का प्लस्टर गिरने की घटना के बाद भी जिला प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। क्षेत्र के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि कुठला स्थित आंगनबाड़ी भवन की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। छत का प्लस्टर निकलने की वजह से बरसात का पानी हर जगह से टपक रहा है, जिससे अध्ययनत बच्चों के साथ ही यहां काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़ांध मारती गंदगी से पूरे क्षेत्र का माहौल बदबूदार है। हैंडपंप के चारों ओर बजबजाती गंदगी का आलम है, जिससे यहां पीने के पानी की समस्या भी बनी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते शहर से लगे इस आंगनबाड़ी केन्द्र की जब यह हालत है, तो आसपास और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों की क्या हालत होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। देश में एक तरह स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर कुठला स्थित आंगनबाड़ी भवन के आसपास व्याप्त गंदगी की वजह से स्वच्छ भारत अभियान की मंशा को पलीता लग रहा है।

### जगह-जगह गंदगी, नियमित सफाई का अभाव



हैंडपंप के आसपास गंदगी का आलम।

### ओपन ट्रांसफार्मर से हर पल खतरा



आंगनबाड़ी केन्द्र के बाहर बिजली के खंभे में लगे ट्रांसफार्मर से हर पल खतरा बना हुआ है। बताया जाता है कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा यहां ट्रांसफार्मर को बंद नहीं किया गया है, जिससे यह खुला हुआ है और यहां से आंगनबाड़ी के बच्चों का आना जाना होता है, जिससे हर पल खतरा बना हुआ है। संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान दिए जाने की अपेक्षा है, जिससे समय रहते घटनाओं को रोका जा सके।

### प्लास्टर उखड़ा, टपक रहा बरसाती पानी



छत से निकला प्लास्टर ।

आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार का ही नतीजा है कि यहां भवन की छत पर लगा प्लास्टर उखड़ गया है और बरसाती पानी छत से टपक रहा है। बताया जाता है कि बरसात के दिनों में यहां अध्ययनरत बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब बरसात होती है तो आंगनबाड़ी भवन का दृश्य देखने लायक रहता है। ऐसी कोई जगह नहीं रहती, जहां बरसाती पानी नहीं टपक रहा हो।



गंदगी से बजबजाता शौचालय

### शौचालय में नहीं हो रही सफाई, स्वच्छ भारत अभियान को लग रहा पलीता

आंगनबाड़ी भवन में बनाए गए शौचालय की कई-कई दिनों तक सफाई नहीं की जा रही। शौचालय की सीट भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसके बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शौचालय में गंदगी होने की वजह से बच्चे यहां निवृत्त नहीं हो पाते। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी नियमित सफाई नहीं हो रही।

### कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कई माह से नहीं मिला वेतन

आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पिछले कई महीने से वेतन भी का भुगतान नहीं हुआ है। दो दिन बाद रक्षाबंधन का त्योहार है। ऐसे में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अधिकारियों से वेतन का भुगतान कराने की मांग की है।





# मां कालीधाम कोनिया से विजयनाथधाम पहुंची कांवड़ यात्रा

## विजयनाथधाम बरही में शिवभक्तों लगा मेला, श्रावण मास के आखिरी सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**बरही, यशभारत।** पवित्र श्रावण मास के आखिरी सोमवार के अवसर पर मां कालीधाम कोनिया से 10 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा पूरे भक्तिभाव, उल्लास, उत्साह के साथ निकाली गई। कांवड़ यात्रा में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल रही। पूरे यात्रा मार्ग में कांवड़ यात्री भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर नाचते, झूमते, थिरकते हुए बोल बम का गगनभेदी उद्घोष करते हुए चल रहे थे। 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों का अलौकिक दृश्य का दर्शन करने लोग आतुर थे। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। पुष्पवर्षा की गई। यात्रा दिव्य दर्शन देवधर की भांति विजयनाथधाम बरही में देखने को मिला। यात्रा की अगुआई कर रहे राहुल राज सोनी, रजनीश नामदेव, नवल सिंह चतुर्वेदी, अमरजीत ताम्रकार, मनीष सोनी व्यवस्था के लिए जुटे रहे। यात्रा मार्ग उबरा, डोली मार्ग, रामलला मंदिर मार्ग, मेन बाजारए चौक बाजार, कमानिया गेट, कटनी मार्ग में जगह-जगह स्वागत के लिए विभिन्न समाजसेवियों, राजनीतिक दलों द्वारा स्टाल लगाए गए थे, जहां से प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा।

### महानदी के जल से भोलेनाथ का अभिषेक

कांवड़ यात्री महानदी का जल लेकर विजयनाथधाम शिवमंदिर पहुंचे, जहां भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के उपरांत यात्रा का समापन हुआ। विजयनाथधाम शिवमंदिर में अपार भीड़ उमड़ी हुई थी। भोलेनाथ का अलौकिक दर्शन पाने लोग व्याकुल थे।

# जेईई मेन्स में अंश पांडे की सफलता

**कटनी, यशभारत।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार को जेईई मेन्स के नतीजे घोषित किए हैं। जेईई मेन में सेकंड सेमेस्टर के परिणाम आल इंडिया रैंक और जेईई एडवांस की कट ऑफ लिस्ट जारी की है। जिमसे नगर के होनहार बेटे अंश पांडे ने 99.56 परसेंटाइल प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। अंश अभी जेईई एडवांस की तैयारी में जुटा है, जिसका एग्जाम 28 अगस्त को होना है। अंश ने कोरोनाकाल के चलते घर पर ही रहकर ऑनलाइन मूमेंटम एकादमी से तैयारी की थी। अंश पांडे नगर निगम के राजस्व विभाग में कार्यरत प्रकाश पांडे के सुपुत्र हैं।



# हर घर तिरंगा अभियान, बरही में निकली जागरूकता यात्रा

बरही, यशभारत। नगर परिषद बरही के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा जागरूकता यात्रा का आयोजन सोमवार को किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में कन्या व बालक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हाथ मे तिरंगा लेकर जागरूकता कार्यक्रम में उत्साह से सहभागिता निभाई। यह तिरंगा यात्रा नगर भृमण करते हुए कटनी मार्ग में समापन हुआ। नगर परिषद के सीएमओ मनोहर विन्जवार, तीरथ चतुर्वेदी, मनोज कोरी, रमेश तोमर, रामलाल बर्मन समेत नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।



# संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप ने किया कांवड़ यात्रा का स्वागत



**बरही, यशभारत।** कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए बरही के विजयनाथधाम प्रांगण में श्रावण मास के आखिरी सोमवार के अवसर पर संजय पाठक फ्रेंड्स ग्रुप के तत्वाधान में भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुबह से रात तक चलता रहा। ग्रुप के इन्द्रमणि मोहन तिवारी, सखेन्द्र राज त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, शिवम त्रिपाठी, प्रखर, सत्येंद्र, शुभम, शिवम तिवारी, शिवम श्रीवास्तव, अजीत चतुर्वेदी, आकाश मिश्रा, लाला गौतम, कान्हा तोमर, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, सत्यम सिंह, प्रदीप गुप्ता आदि भंडारे का प्रसाद मंदिर पहुंचने वाले सभी भोलभक्तों को वितरित करने में जुटे रहे। वही कांवड़ यात्रियों के विजयनाथधाम पहुंचने पर पूरे उत्साह से स्वागत किया गया।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल– ceproc.encwrd.bpl@nic.in
फोन– 0755–2767635 फेक्स–0755–2552406

निविदा सूचना कमांक –915/2022–23/प्रमुख अभियंता/ई–टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 01.08.2022

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.08.2022 को 17:30 बजे तक कय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स0 क0 | निविदा क. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_WRD_214350 | टर्न की पद्धति पर :– सांक नदी पर स्टॉप डेम क्रमांक 3 का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | ग्वालियर | 282.04 |
| 2. | 2022_WRD_214353 | जिला खनिज प्रतिष्ठान (डी.एम.एफ.) के तहत कटनी जिले के विकासखण्ड बहोरीबंद अंतर्गत चांदनखेडा में पतने नाला डायवर्सन सिंचाई योजना का पुर्ननिर्माण कार्य। | कटनी | 122.67 |
| 3. | 2022_WRD_214354 | टर्न की पद्धति पर :– डाबरी उदवहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सीहोर | 739.54 |
| 4. | 2022_WRD_214356 | टर्न की पद्धति पर: किशनगढ़ जलाशय शीर्ष एवं नहर का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नही। | सागर | 984.78 |

G-15199/22

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

# पीले परिधान पहनकर महिलाओं ने किया शिवजी का अभिषेक



कटनी, यशभारत। पवित्र सावन महीने के आखिरी सोमवार पर शिवमंदिरों के साथ ही घरों में भी शिवलिंग निर्माण करते हुए भगवान भोलनाथ का अभिषेक करते हुए पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर गायत्री नगर में नीतू श्रीवास्तव अग्रवाल के निवास पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीले परिधान पहनकर पूजा अर्चना करते हुए पुण्यलाभ अर्जित किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव अग्रवाल, बबीता गुरूंग, नीलम रेनू अग्रवाल, रश्मि कौशल, नेहा पांडे, संजना पांडे, राधिका गुप्ता, मीना गुप्ता, रेशू त्रिपाठी, श्रद्धा त्रिपाठी, नीलू मिश्रा, पटवारी किरण कुशवाहा, सविता साहू, दर्शनी श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 11th August 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## कोविड के चलते दो साल सादगी से हो रहा था ध्वजारोहण







# आजादी के 75 वें साल में जोरदार जश्न की तैयारी

***कैमोर,यशभारत।** स्वाधीनता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस बार उद्योग नगरी कैमोर में पूरे उत्साह और उमंग के साथ स्वाधीनता दिवस समारोह मनाने की तैयारी की जा रही। स्कूली बच्चे, एनसीसी केडेट्स और एसीसी के सुरक्षा दस्ते के जवान परेड का कड़ा अभ्यास कर रहे। अन्नपूर्णा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी हो रही। पिछले दो तीन सालों से कोरोना के चलते स्वाधीनता दिवस समारोह बेहद सादगी से मनाया जा रहा था इस बार कोरोना की बंदिशे समाप्त हो गई है साथ ही आजादी का यह 75 वा साल है इसलिए इस बार उत्साह चरम पर है। स्वाधीनता दिवस का मुख्य समारोह एसीसी रामलीला मैदान में आयोजित होगा जहां एसीसी के डायरेक्टर प्लांट ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य समारोह के चार-पांच दिन पहले से ही यहां तिरंगा रैली और हर घर तिरंगा अभियान की झलक दिखाई दे रही। एसीसी ट्रस्ट और सी एस आर विभाग की ओर से भी आजादी की सालगिरह पर कई कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। इसी कड़ी में गत दिवस एसीसी ट्रस्ट और जनमंगल संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।*

एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के. आर. रेड्डी के निर्देशन एवं एसीसी ट्रस्ट प्रमुख ऐनेट एफ विश्वास व जनमंगल संस्थान के डायरेक्टर महेंद्र खरे के मार्गदर्शन में एसीसी कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 1 से 7 अगस्त के दौरान विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया जिसके समापन में एसीसी दिशा सेंटर कैमोर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न जागरुकता गतिविधियाँ संपन्न की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्तनपान के महत्व, फायदे, साथ ही गर्भावस्था के दौरान किस तरह महिलाओं को अपने और अपने बच्चे का ख्याल रखना चाहिए उसके संबंध में विस्तृत जानकारी वीडीओ के माध्यम से भी दी गई। समापन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में डॉ मोहिता दीक्षित ने बच्चे को पूर्ण रूप से स्तनपान कराने के साथ ही दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतराल रखने की बात कही जिससे एक बच्चे को पूरा पोषण प्राप्त हो सके और बच्चा कमजोर न हो पाए, एसीसी अस्पताल के डॉ बिंदु राफेल ने महिलाओं व कार्यकर्ताओं को स्तनपान कराने की सही विधि, साथ ही कब-कब बच्चे को मां को स्तनपान कराना और स्तनपान कराते समय किन सावधानियों का विशेष ध्यान रखना, इस पर चर्चा किया। विजयराघवगढ़ ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद ने एनआरसी में भर्ती हुए बच्चे की सफलता का कहानी सभी से साझा कर माताओं को अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने हेतु प्रोत्साहित किया साथ ही एनआरसी में भर्ती कराने के लाभ एवं सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एसीसी सीएसआर प्रमुख श्रीमती ऐनेट एफ विश्वास ने सभी को एसीसी सीएसआर सहित कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समस्त गतिविधियों की संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ सभी मुख्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सीएसआर परियोजना क्षेत्र के प्रत्येक 54 आंगनबाड़ी केंद्रों की एक धात्री माता का चुनाव किया गया जिसने छः माह बच्चे को सिर्फ स्तनपान कराया है और उन्हें मुख्य अतिथियों के कर कमलों से पुरुस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत एसीसी दिशा सेंटर के सभी प्रशिक्षणार्थियों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं माताओं के साथ तिरंगा रैली दिशा सेंटर से डीएवी स्कूल तक निकाली गई और हिल टैंक कैमोर के समीप सभी ने मध्य प्रदेश शासन के अंकुर अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में एसीसी सीएसआर प्रमुख श्रीमती ऐनेट एफ विश्वास, सेक्टर सुपरवाईसर श्रीमती ओमी गुप्ता, एसीसी ट्रस्ट से पंकज द्विवेदी, पीयूष लाल, मोहसीना नियाजी, पूजा तिवारी, राजा मालवी, एसीसी दिशा से अरुणा थापा, पुष्पा जाटव, अर्चना कोतवानी, शालू सिंह, साधना विश्वकर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 42 धात्री महिलाओं की उपस्थिति रही।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखंड बड़वारा में सीएमसीएलडीपी के छात्रों के साथ समिति सदस्यों ने पीले वस्त्रों में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली। साथ ही लोगों से आग्रह किया कि सभी अपने-अपने घरों में, दुकानों और अपने कार्यालय में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराएं। जागरूकता रैली में सीएमसीएलडीपी अंतर्गत एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के सभी छात्र उपस्थित रहे।





## हरदुआ में सीईओ ने रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

**कटनी,यशभारत।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अंकुर अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्य कराया जा रहा है। अधिक से अधिक पौधों का रोपण हो, इसके लिए शासकीय विभागों के साथ ही समाजसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं को भी अभियान में शामिल किया गया है। अंकुर अभियान के तहत सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने ग्राम पंचायत हरदुआ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इसके अलावा हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों से घरों में झंडा फहराने की अपील की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत सीईओ राजेश नरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम और तहसीलदारों को दी गई निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण और आधार नंबर डाटा संग्रहण पर प्रशिक्षण



**कटनी,यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने और स्वैच्छिक आधार क्रमांक संग्रहण के संबंधस में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते द्वारा प्रशिक्षण और आयोग के कार्यक्रमों की तिथिवार जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे। इस दौरान फोटो निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों, पुनरीक्षण गतिविधियों, निर्वाचक नामावली के लिए अर्हता तिथि आदि विषयों पर आयोग के निर्देशों व प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पुनर्व्यवस्था, त्रुटियों के निरसन, मतदाता सूची में अच्छी फोटो लगवाना आदि कार्य सोमवार 24 अक्टूबर तक संपादित करना है। वहीं प्रारूप 1 से 8 की तैयारी 25 अक्टूबर से तथा एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने का कार्य सोमवार 7 नवंबर तक किया जाना है।

#### पुनरीक्षण गतिविधियां

निर्वाचक नामावली के एकजाई प्रारूप का प्रकाशन 9 नवंबर को,दावे-आपत्तियां, 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक ली जाएंगी। गौरतलब है कि इनका निराकरण 26 दिसंबर तक किया जाएगा। जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को किया जाएगा।

#### विशेष शिविरों का आयोजन

निर्वाचक नामावली से संबंधित विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय तिथि के मुताबिक शनिवार 5 नवंबर एवं रविवार 6 नवंबर को तथा शनिवार 12 नवंबर और रविवार 13 नवंबर को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

#### आधार डाटा संग्रहण

मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर न जुड़ा यह सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने आधार नंबर के डाटा संग्रहण की प्रक्रिया शुरू की है। आधार नंबर स्वैच्छिक है, इसके अलावा भी आयोग ने 11 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज तय किए हैं। संग्रहित आधार नंबर की शुरूआती 8 डिजिट को मॉस्क दिया जाएगा। साथ ही आधार कार्ड की कॉपी को डिजिटाइजेशन उपरांत डबल लॉक वाले सेफ कस्टडी में रखा जाएगा।

#### सिक्युरिटी फीचर वाले परिचय पत्र हों जारी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवीन सुरक्षा मापदंड वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र मतदाताओं को जारी किए जाएंगे। हालांकि पूर्व में जारी ईपिक कार्ड मान्य रहेंगे। आयोग द्वारा तैयार किए जा रहे नवीन ईपिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कॉर्ड, क्रेडिट कार्ड आदि की तरह होरिजोंटिल, क्यू आर कोर्ड पोस्ट इमेज आदि शामिल रहेगी।

#### अर्हता तिथि

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में प्रावधानित अर्हता तिथि एक जनवरी को आयोग द्वारा संशोधित किया गया है। अब एक वर्ष में 4 अर्हता तिथियां निर्वाचक नामावली के लिए निर्धारित की गई हैं। ये तिथियां एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर हैं।

### भाईयों का विवाद पहुंचा थाने

**कटनी,यशभारत।** घरेलू कलह के दौरान दो सगे भाई आपस में भिड़ गए और मामला थाने तक पहुंच गया। बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत खितौली रोड बरही निवासी राधेगोपाल गुप्ता ने भाई राधाकांत गुप्ता से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर राधाकांत गुप्ता द्वारा भाई राधे गोपाल से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### नाबालिग का नहीं लगा सुराग

**कटनी,यशभारत।** घर से अचानक लापता हुई नाबालिग लड़की के संबंध में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार रीठी क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष 26 जुलाई को लापता हो गई थी। परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को अपहृत कर लिया गया है।

## विधायक के प्रयासों से 2 घंटे में बदला सलैया-बड़गैंया का ट्रांसफार्मर



**विजयराघवगढ़,यशभारत।** बीती रात मौसम के मिजाज में थोड़ा तब्दीली आई थी। आसमान में बादलों की गर्जना के साथ बिजली भी कौंध रही थी। लोग बारिश की उम्मीद कर रहे थे पर बारिश तो शुरू नहीं हुई अलबत्ता ग्राम सलैया-बड़गैंया का ट्रांसफार्मर जल गया, जिससे आसपास के ग्रामों में भी अंधेरा फैल गया। ट्रांसफार्मर जल जाने की खबर मिलते ही ग्रामीण परेशान हो गए थे। विद्युत मंडल के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया तो पता लगा कि 100 केवी का ट्रांसफार्मर स्थानीय उपकेन्द्र में उपलब्ध ही नहीं है। विद्युत मंडल के सूत्रों ने ट्रांसफार्मर की व्यवस्था में लगभग एक सप्ताह का समय लगने की संभावना जताई। एक सप्ताह तक अंधेरे में बिना बिजली के रहने की कल्पना से ही ग्रामीण सिहर उठे। इस समस्या की जानकारी क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के कार्यालय में उपलब्ध कराई गई। विधायक श्री पाठक के प्रयासों से कुछ घंटों में ही 100 केवी का ट्रांसफार्मर ग्राम बड़गैंया-सलैया के लिए उपलब्ध करा दिया गया। ट्रांसफार्मर पहुंचते ही पूरा स्टाफ कार्य में लग गया और 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद ट्रांसफार्मर से सप्लाई भी प्रारंभ कर दी गई इस कार्य में विद्युत मंडल के जेई विजय धुर्वे का भी विशेष सहयोग रहा। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक प्रयासों से ग्रामीणों की गंभीर समस्या का कुछ ही घंटों में निराकरण हो गया। ग्रामीणों में बनवालीधर बड़गैंया, रामप्रताप बड़गैंया, अश्विनी बड़गैयां, सुनील बड़गैयां, दिपू बड़गैंया, नीरज बड़गैंया आदि ने समस्या के निराकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक श्री पाठक एवं विद्युत मंडल के प्रति आभार जताया।



## रेडक्रास सोसायटी ने अंकुर अभियान के तहत जागृति पार्क में रोपे पौधे

**कटनी,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले भर में अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को रेडक्रास प्रबंध समिति द्वारा अभियान के तहत माधवनगर जागृति पार्क में पौधों का रोपण किया गया। प्रबंध समिति के चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा, वाइस चेयरमैन लालजी शर्मा, सचिव डॉ. यशवंत वर्मा की उपस्थिति में सोसायटी के सदस्यों ने पार्क में पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सदस्यों ने जामुन, शीशम, पारिजात, बबूल सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। सचिव डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा द्वितीय चरण में 10 अगस्त को जागृति पार्क में सुबह 8 बजे से फिर से पौधारोपण अभियान आयोजित किया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, सदस्य गोविंद सचदेवा, सारंग बजाज, अग्रज लहरिया, डॉ दीपक अग्निहोत्री, अंकित जैन, डॉ. साक्षी जैन, डॉ आरपी सिंह, अंकित जैन, आशीष तिवारी, पवन बजाज, निरंजन पंजवानी, नितेश बजाज, करण दीपांकर, शिव कुमार सेन, रौनक खंडेलवाल, चंद्रकांत, डॉ राजेश प्रखर, ज्योति तिवारी, राजा बैरागी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# गहोई महिला समिति के रंगारंग आयोजन ने मचाया धमाल

### आकर्षण का केंद्र रही कौतुक वेशभूषा, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर दो दिवसीय आयोजन







**कटनी,यशभारत।** राष्ट्र कवि डॉ. मैथिली शरण गुप्त की 136 वीं जयंती के अवसर पर श्री गहोई वैश्य महिला समिति ने दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 3 अगस्त को गहोई कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर में वृक्षारोपण व भजन कीर्तन, एवं 4 अगस्त को बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, एवं महिलाओं की कौतुक वेशभूषा का कार्यक्रम रखा गया। समाज के सरपंच डॉ. हजारीलाल नौगरहिया, ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष कमलेश सुहाने, वरिष्ठ संघ अध्यक्ष ज्योति प्रकाश नगरिया, जागृति समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश तपा, विकास मंडल सचिव चंचल कनकने, झुड़ेले ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार गांधी एवं महिला समितियों से मनन संस्था अध्यक्ष सीमू गांधी, एकता मंडल से विभा नौगरहिया, वनिता समिति अध्यक्ष रजनी बिलैया, उन्नति समिति अध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरोल्या एवं महिला समिति अध्यक्ष अर्चना सोनी एवं सभी समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 55 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जन सराहना अर्जित की। कोरोना काल में इस तरह के सभी सामाजिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध था इस साल इसी कारण इस बार बच्चों एवं बड़ों सभी का उत्साह चरम पर था। कुछ पालकों के विशेष आग्रह पर छोटे छोटे बच्चे भी कौतुक वेशभूषा में मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक की भूमिका में गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. साधना जैन, एवं फर्स्ट स्टेप एकेडमी की संचालिका नीतू लालवानी रहीं। फैंसी ड्रेस में श्रेया लहरिया प्रथम, बिंदु बिलैया द्वितीय, जयंती गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं, वहीं ग्रुप ए में किंजल नगरिया प्रथम, अथर्व टुड़हा द्वितीय, अक्षिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप बी में आरुषि तपा प्रथम, आर्ची गुप्ता द्वितीय, प्रखर कनकने तृतीय स्थान पर रहे। महिला प्रतिभागियों में रीना तपा, रीना कुचया, कीर्ति मोदी, योगिता त्रिसोलिया, निधि छिरौल्या, पूजा कनकने ने भी अपनी प्रस्तुति से प्रभावित किया। बच्चों की फेहरिस्त बहुत लंबी है, कार्यक्रम में अशोक सेठिया, पुरूषोत्तम दास टंडन, ओंकार प्रसाद बहरे, ओम प्रकाश छिरौल्या, राजेश बरसैंया, राकेश सुहाने, राकेश बहरे, अनुराग त्रिसोलिया, प्रहलाद मरेले, दीपक टंडन, सीपी बरसैंया, कैलाश सोनी, राजाराम महतेले, अंगूरी नगरिया, ममता सरावगी, रीता चौदहा, साधना सेठिया, शोभा कस्तवार, निशा कस्तवार, मोहनी बरसैंया, रश्मि बरसैंया, रीना कुचया, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, भगिनियों की उपस्थिति रही, कुछ बहिनों के द्वारा चाट-फुल्की के स्टाल भी लगाए गए, सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए, कार्यक्रम का सफल संचालन विभा कंदेले एवं सरिता तीतबिरासी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

